# अवैध निर्माणों पर एमडीडीए का 'सीलिंग' प्रहार

## प्राधिकरण ने दो अवैध भवन किए सील, तुन्तोवाला और मेहुवाला माफी में कार्रवाई

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में तेजी से बढ़ रहे अवैध निर्माणों के खिलाफ मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है।

शुक्रवार को प्राधिकरण की टीम ने तुन्तोवाला और मेहुवाला माफी क्षेत्र में बिना स्वीकृति किए जा रहे दो अवैध निर्माणों को सील कर दिया। इनमें एक बहुमंजिला भवन भी शामिल है। एमडीडीए की इस कार्रवाई से अवैध निर्माणकर्ताओं में हड़कंप मच गया है। प्राधिकरण की ओर से स्पष्ट किया गया है कि राजधानी में सुनियोजित शहरी विकास को प्रभावित करने वाले किसी भी अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी नीति के तहत लगातार निरीक्षण अभियान चलाकर ऐसे निर्माणों को चिन्हित किया जा रहा है जो बिना स्वीकृत मानचित्र अथवा निर्धारित मानकों के विपरीत बनाए जा रहे हैं।



**बहुमंजिला भवन समेत दो निर्माणों पर चला सीलिंग अभियान, आगे भी जारी रहेगी सख्त कार्रवाई**

एमडीडीए की टीम ने शुक्रवार को तुन्तोवाला स्थित मोनाल इन्क्लेव और मेहुवाला माफी के चन्द्रताल क्षेत्र में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों स्थानों पर निर्माण गतिविधियां प्राधिकरण की अनुमति के बिना संचालित होती पाई गईं। इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई करते हुए दोनों निर्माणों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया।

पहले मामले में अनुप चौहान एवं मुन्नी गीता द्वारा मोनाल इन्क्लेव के निकट तुन्तोवाला, मेहुवाला माफी क्षेत्र में किए जा रहे निर्माण को अवैध पाया गया। जांच में सामने आया कि निर्माण कार्य के लिए प्राधिकरण से आवश्यक स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई थी। नियमों के उल्लंघन को देखते हुए प्राधिकरण ने मौके पर पहुंचकर निर्माण को सील कर दिया।

वहीं दूसरी कार्रवाई में राजीव जैन द्वारा मेहुवाला माफी स्थित चन्द्रताल क्षेत्र के निकट बनाए जा रहे बहुमंजिला भवन को सील किया गया। प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार भवन निर्माण निर्धारित मानकों और स्वीकृतियों के अनुरूप नहीं पाया गया। इसके चलते विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए भवन को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। शुक्रवार को की गई कार्रवाई संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के आदेशों के अनुपालन में की गई।

अभियान के दौरान सहायक अभियंता विजय सिंह रावत, अवर अभियंता मुनेश राणा, प्राधिकरण के सुपरवाइजर तथा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी कीं और दोनों निर्माणों को सील किया।

### अवैध निर्माणों के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस नीतिः तिवारी

प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस नीति है। बिना अनुमति अथवा स्वीकृत मानचित्र के विपरीत किए जा रहे निर्माण कार्यों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। तुन्तोवाला और मेहुवाला माफी में दो अवैध निर्माणों के विरुद्ध सीलिंग की कार्रवाई की गई है। हमारा उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि सुनियोजित और सुरक्षित शहरी विकास सुनिश्चित करना है। अवैध निर्माण भविष्य में आधारभूत सुविधाओं, यातायात व्यवस्था और नागरिक सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बनते हैं। सभी नागरिक भवन निर्माण शुरू करने से पहले आवश्यक स्वीकृतियां अवश्य प्राप्त करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

### अवैध निर्माणों की नियमित की जा रही मॉनिटरिंग : बर्निया

प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। जहां भी बिना अनुमति या मानचित्र के विपरीत निर्माण कार्य पाए जाएंगे, वहां नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को दो मामलों में की गई सीलिंग इसी अभियान का हिस्सा है। आमजन से अनुरोध है कि निर्माण कार्य शुरू करने से पहले सभी आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त करें, ताकि अनावश्यक कानूनी कार्रवाई और आर्थिक नुकसान से बचा जा सके।

# अग्नि सुरक्षा को लेकर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर किया फायर ऑडिट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला।** फायर स्टेशन पुरोला द्वारा नगर पालिका क्षेत्र पुरोला में अग्नि सुरक्षा को लेकर विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अग्निशमन एवं आपात सेवा देहरादून तथा पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी के निर्देशों के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक बड़कोट के दिशा-निर्देशन में यह अभियान संचालित किया गया।

प्रभारी अग्निशमन अधिकारी मुन्ना सिंह चौहान एवं दिनेश कुमार के नेतृत्व में फायर स्टेशन पुरोला की टीम ने कुमोला मार्ग एवं पुरोला बाजार क्षेत्र स्थित होटल, रेस्टोरेंट तथा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिष्ठानों में उपलब्ध अग्निशमन यंत्रों की स्थिति, आपातकालीन निकास व्यवस्था, विद्युत कनेक्शनों की सुरक्षा तथा अग्निशमन अना. पत्ति प्रमाण-पत्र (छव्ब) आदि की गहन जांच की गई।

**कमियां मिलने पर नोटिस जारी**

निरीक्षण के दौरान कई संस्थानों में अग्नि सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं में कमियां पाई गईं। ऐसे प्रतिष्ठानों को विभाग की ओर से नोटिस जारी करते हुए शीघ्र आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रतिष्ठान संचाल. कों एवं कर्मचारियों को प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के संचालन, आग लगने की स्थिति में प्रारंभिक बचाव उपायों तथा आपदा के समय अपनाई जाने वाली सावधानियों की जानकारी भी दी गई। फायर विभाग के अधिकारियों ने कहा कि होटल, रेस्टोरेंट एवं भीड़भाड़ वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन अत्यंत आवश्यक है। छोटी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए सभी प्रतिष्ठान संचालकों को निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना चाहिए। अग्निशमन विभाग द्वारा भविष्य में भी ऐसे निरीक्षण अभियान जारी रखे जाएंगे।

## लापता ट्रैकर की तलाश में रेस्क्यू अभियान

**बागेश्वर।** विश्व प्रसिद्ध पिंडारी ग्लेशियर ट्रैकिंग मार्ग पर लापता हुए नोएडा निवासी 28 वर्षीय ट्रैकर अभिषेक चौहान की तलाश के लिए पुलिस, प्रशासन और विभिन्न रेस्क्यू एजेंसियों द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। खाती गांव से आगे पिंडारी घाटी के दुर्गम क्षेत्रों में पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, फायर सर्विस, वन विभाग और स्थानीय ग्रामीण संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन में जुटे हैं। पुलिस अधीक्षक बागेश्वर के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान में आधुनिक तकनीकों का भी सहारा लिया जा रहा है। क्षेत्र की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए गहरी घाटियों, घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ी रास्तों की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरों तथा डॉग स्क्वायड की मदद ली जा रही है। रेस्क्यू टीमें घटना स्थल और आसपास के संभावित क्षेत्रों की गहन तलाशी ले रही हैं।

# कवि शब्दों के निर्माता के साथ, समाज के चिंतक, मार्गदर्शक और प्रेरकः सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

रामनगर/कालाढूंगी/हल्द्वानी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को तहसील कालाढुंगी के नमस्ते कॉर्बेट रिजॉर्ट धनपुर धमोला पहुंचकर ललित फाउंडेशन के पंचम अधिवेशन' अभिव्यंजना 5ख0 का दीप जलाकर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री धामी ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि ये केवल एक कवि सम्मेलन नहीं बल्कि विचारों, भावनाओं और सृजनशीलता को अनुभव करने का एक अभिनव अवसर है। उन्होंने कहा कि कवि केवल शब्दों के निर्माता नहीं होते बल्कि वे समाज के चिंतक, मार्गदर्शक और प्रेरक भी होते हैं क्योंकि, कवि की रचनाएं समाज को दर्पण दिखाने का काम करती हैं। उन्होंने कहा कि जब समाज उलझनों से घिरता है, तब




**कहा, देवभूमि उत्तराखंड सदियों से रही है साहित्य, संस्कृति और सृजन की भूमि**

कवि अपनी लेखनी से न केवल समाज को नई दिशा दिखाने का काम करता है, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास भी करता है। उन्होंने कहा कि इतिहास साक्षी है भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को भी तभी गति मिली जब हमारे कवियों और साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से देशवासियों को स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया और आज ऐसे ही राष्ट्रभक्त एवम् विशिष्ट कवियों का समुच्चय हमारे सम्मुख उपस्थित है। जिनकी वाणी में विरह है तो प्रेम भी है,विद्रोह है तो देशभक्ति भी है,हास्य है तो भक्ति भी है।

उन्होंने कहा कि डॉ. हरिओम पंवार की ओजस्वी कविताएँ राष्ट्रभक्ति और जनचेतना की सशक्त अभिव्यक्ति हैं, जो हर श्रोता को ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करती हैं।

उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड सदियों से साहित्य, संस्कृति और सृजन की भूमि रही है। हिमालय की गोद में बसी इस पावन धरती ने अनेक ऐसे साहित्यकार, कवि और लोकचिंतक दिए हैं, जिन्होंने अपनी लेखनी से समाज को दिशा देने का कार्य किया है। इस अवसर पर विधायक कालाढुंगी बंशीधर भगत, कवि डॉ कुमार कुमार विश्वास, पद्मश्री अशोक चक्रधर, डॉ हरिओम पवार सहित देश के विभिन क्षेत्रों से आए कवि एवं साहित्यकार व अन्य उपस्थित रहे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री धामी के आईआरबी बेलपडाव, रामनगर पहुं. चने पर विधायक बंशीधर भगत, बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, उपाध्यक्ष गणेश रावत, दर्जा राज्यमंत्री सुरेश भट्ट, शंकर कोरंगा, सुरेंद्र नामधारी,हुकुम सिंह कुँवर आयोग के सदस्य जेडए वारसी, मंडलायुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडेय, सहित विभिन्न जनप्रति. निधियों, गणमान्य नागरिकों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया।

**एक नजर .......**

### भाजपा ने की प्रकोष्ठों में संयोजक और सह संयोजकों की नियुक्ति

**देहरादून।** भाजपा ने विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक एवं सह-संयोजकों की घोषणा कर दी है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देश पर 22 प्रकोष्ठों मे प्रदेश संयोजक और सह संयोजकों की नियुक्तियाँ की गयी है।

### बेलवाल ओबीसी कल्याण परिषद में सदस्य नामित, शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार

**उत्तरकाशी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता चंडी प्रसाद बेलवाल को उत्तराखंड अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कल्याण परिषद में सदस्य नामित किए जाने पर उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। बेलवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा उन पर जताए गए विश्वास के लिए वे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट तथा समस्त संगठन नेतृत्व के प्रति हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि एक सामान्य कार्यकर्ता को यह दायित्व सौंपा जाना उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। वे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए संगठन, सरकार और समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

# निरंकारी मिशन का टिहरी झील में चला स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर संत निरंकारी मिशन के श्रद्धालुओं ने टिहरी जनपद की कोटी कॉलोनी स्थित टिहरी झील के तट पर स्वच्छता साधना एवं हरित चेतना अभियान का आयोजन कर प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता और सेवा भावना का सुंदर परिचय दिया।

सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की पावन प्रेरणा के अनुसार प्रकृति केवल मानव जीवन का आधार नहीं, बल्कि परमपिता परमात्मा द्वारा प्रदत्त वह अनुपम धरोहर है।

ब्रह्मज्ञान से आलोकित दृष्टि जब प्रकृति को निहारती है, तब उसका प्रत्येक तत्व परमात्मा की दिव्य अभिव्यक्ति प्रतीत होता है और संरक्षण का भाव स्वतः जीवन का संस्कार बन जाता है। वर्तमान समय में अनियंत्रित उपभोग, प्लास्टिक प्रदूषण एवं प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन ने पर्यावरण संतुलन के समक्ष गंभीर चुनौतियाँ खड़ी कर दी हैं। ऐसे परिवेश में विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि जागृत चेतना, उत्तरदायित्व और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का सशक्त संदेश बनकर उभरता है।

# सेम मुखेम मे श्रीराम कथा के आयोजन को लेकर बैठक संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** प्रतापनगर क्षेत्र के सिद्धपीठ प्रसिद्ध धाम उत्तर द्वारिका सेम मुखेम के मडभागी सौड़ में 25 जून से आयोजित होने वाली श्रीराम कथा के दिव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर क्षेत्रीय लोगों की राजकीय इंटर कॉलेज कंडियालगांव तीसरी बैठक सम्पन्न हुई जिसमे श्रीराम कथा के आयोजन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। सामाजिक कार्यकर्ता हुकम सिह बिष्ट की अध्यक्षता मे संपन्न हुई बैठक मे श्रीराम कथा के सफल संचालन के लिए बैठक मे संयोजक मंडल, आयोजक मंडल तथा संरक्षक मंडल गठन किया गया साथ ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियाँ सौंपी गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी मंडल मिलकर इस पावन श्रीराम कथा आयोजन को तन, मन और धन से सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इसके साथ ही क्षेत्रवासियों से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस दिव्य आयोजन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।श्रीराम कथा के आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार-प्रसार टीम का भी गठन किया गया जो पूरे क्षेत्र में लगातार श्रीराम कथा के आयोजन को लेकर जनजागरूकता एवं प्रचार कार्य करेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य विजय देवी, राज्य आंदोलनकारी देवी सिंह पंवार, सेवानिवृत्त इंजीनियर गुलाब सिंह पंवार, प्रधान संगठन के पूर्व अध्यक्ष लोकपाल कंडियाल, श्रीराम कथा के मुख्य यजमान गजेन्द्र सिंह कंडियाल, पूर्व सैनिक मेघ सिंह बिष्ट रविंद्र कंडियाल ,निर्मला देवी, नरेंद्र चमोली, राधाकृष्ण डिमरी, भगवान सिंह, चंद्रकला देवी, विजयपाल सिंह, भजन सिंह कंडियाल, महावीर भंडारी, हेमराज राणा, यशपाल सिंह कंडियाल, विजयपाल कैन्तुरा, बलदेव सिंह, लाखी सिंह, कलम सिंह जडधारी, अब्बल सिंह, कीर्ति सिंह पंवार, राजवीर कंडियाल, धनपाल पंवार, गंगा नेगी,, रोशन मौजूद रहे।

# पहली ही बारिश में बहने लगी करोड़ों की सुरक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामपुर बाजार के समीप स्थित संवेदनशील भू-धंसाव जोन में करोड़ों रुपये की लागत से किए गए सुरक्षा कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पहली ही बारिश में सुरक्षा कार्य का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे मिट्टी धंसने के साथ क्रेट वायर भी ढह गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों और व्यापारियों में भारी नाराजगी है।

जानकारी के अनुसार, रामपुर बाजार के समीप पिछले दो वर्षों से अधिक समय से भू-धंसाव प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा कार्य किए जा रहे हैं। हाल ही में मार्च-अप्रैल माह में सुरक्षा दीवार और क्रेट वायर का निर्माण कराया गया था, लेकिन जून



**रामपुर बाजार के पास भू-धंसाव जोन पर धंसी मिट्टी, ढही क्रेट वायर**

के प्रथम सप्ताह में हुई बारिश ने ही इन कार्यों की पोल खोल दी। सड़क किनारे की मिट्टी धंसने से क्रेट वायर क्षतिग्रस्त हो गई और भू-धंसाव का खतरा एक बार फिर बढ़ गया है। घटना के समय सड़क किनारे कुछ वाहन खड़े थे। गनीमत रही कि बड़ा हादसा नहीं हुआ। हालांकि वाहनों के पहिए मिट्टी में धंस गए थे, जिन्हें समय रहते सुरक्षित निकाल लिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद सुरक्षा कार्य टिकाऊ साबित नहीं हो पा रहे हैं। उनका कहना है कि एक वर्ष पूर्व नदी किनारे बनाई गई सुरक्षा दीवार भी पहली ही बरसात में क्षतिग्रस्त हो गई थी और अब हाल ही में किया गया कार्य भी शुरुआती बारिश नहीं झेल पाया।पूर्व ग्राम प्रधान न्यालसू प्रमोद सिंह रावत ने कहा कि सरकार सुरक्षा कार्यों के लिए धनराशि स्वीकृत कर रही है, लेकिन संबंधित विभाग और कार्यदायी संस्था की लापरवाही के कारण जनता और यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते प्रभावी उपचार नहीं किया गया तो भू-धंसाव का असर मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग तक पहुंच सकता है, जिससे यातायात भी प्रभावित हो सकता है। संदीप रावत ने भी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कहा कि हाल ही में किए गए सुरक्षा कार्य पहली ही बारिश में ढह गए, जो गंभीर चिंता का विषय है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कार्यों की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद रामपुर बाजार और केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भू-धंसाव का खतरा लगातार बना रहेगा। उधर, नेशनल हाईवे विभाग के अधिशासी अभियंता ओंकार पांडे ने बताया कि क्षतिग्रस्त हिस्से का निरीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं मरम्मत कार्य के निर्देश दे दिए गए हैं।

# 155 बार रक्तदान के लिए डॉ. अनिल वर्मा सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** दून वैली महानगर उद्योग व्यापार मंडल द्वारा टपकेश्वर महादेव मंदिर के महंत पूर्ण गिरी महाराज के 51वें जन्मदिन पर सीएनआई ब्वायज इंटर कॉलेज में एक रक्तदान एवं निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शिविर में मैक्स हॉस्पिटल के सहयोग से कुल 127 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। साथ ही लगभग 100 लोगों के रक्त, कोलेस्ट्रॉल, फैट, हीमोग्लोबिन, बी पी, रक्त शर्करा आदि की निःशुल्क जांच की गई।

इस अवसर पर सम्मान समारोह के अंतर्गत अब तक 155 बार रक्तदान कर चुके यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के रक्तदाता शिरोमणि डॉ. अनिल वर्मा सहित अनेक धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रसति. निधियों को रक्तदान के क्षेत्र में योगदान के लिए अंगवस्त्र पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। डॉ. वर्मा ने उन्हें सम्मानित करने के लिए दून वैली महानगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष व सदस्य राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार पंकज मैसोन तथा सचिव पंकज डिडाना का आभार व्यक्त किया। शिविर का उद्घाटन महंत पूर्ण गिरी महाराज, कैबिनेट मंत्री खजान दास, विधायक केंट केंट सविता



**दून वैली महानगर उद्योग व्यापार मण्डल के रक्तदान शिविर में 127 यूनिट रक्त एकत्रित**

कपूर, राज्य मंत्री अशोक वर्मा, पूर्व महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचंद शर्मा, दून वैली महानगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष पंकज मैसोंन तथा सचिव पंकज डिडाना ने किया।शिविर संयोजन में सुशील अग्रवाल,रोशन राणा, दिव्य सेठी, मनन, अंकुर जैन, एस पी गोयल, विवेक मोहन श्रीवास्तव, हरमीत जायसवाल, अर्चित डाबर, हरीश विरमानी आदि बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शैक्षणिक संस्थानों के नजदीक तंबाकू बेचने वालों पर कार्रवाई, चालान व अर्थदंड वसूला

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी देहरादून डॉ मनोज कुमार शर्मा के निर्देश पर जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ देहरादून द्वारा सेलाकुई क्षेत्र के अंतर्गत तंबाकू विक्रय की दुकानों का निरीक्षण किया गया। थाना सेलाकुई की पुलिस टीम से समन्वय स्थापित कर माया इंस्टीट्यूट एवं अन्य शैक्षणिक संस्थान के आसपास निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा कार्यवाही के दौरान 35 दुकानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें से 25 तंबाकू विक्रेता कोटपा

अधिनियम का उल्लंघन करते पाए गए ᵖकई विक्रेता शैक्षणिक संस्थान के नजदीक तंबाकू उत्पाद बेचते हुए पाए गए। अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत इन विक्रेताओं के विरुद्ध अर्थदंड एवं चालान की कार्रवाई की गई। टीम द्वारा इन सभी से कुल 2610 का अर्थ दंड वसूल किया गया।

गौरतलब है कि कोटपा अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थाओं के नजदीक तंबाकू उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित है। साथ ही ऐसे तंबाकू उत्पादों की बिक्री भी कानूनन प्रतिबंधित है, जिनके बाहरी कवर पर स्वास्थ्य



**टीम ने माया इंस्टीट्यूट व अन्य शैक्षणिक संस्थान के आसपास निरीक्षण किया**

को होने वाले नुकसान संबंधी चित्रित चेतावनी प्रिंट नहीं की गई है।

निरीक्षण टीम में पुलिस उप निरीक्षक कृपाल सिंह, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार, कांस्टेबल सुशील, मुकेश, बालाजी सेवा संस्थान से अजीत, तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की जिला सलाहकार अर्चना उनियाल, सामाजिक कार्यकर्ता रेखा एवं अनुराग उनियाल शामिल रहे।

## विवि में मास्टर्स एवं पीएचडी प्रवेश परीक्षाएं संपन्न

**पंतनगर।** गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर द्वारा आयोजित मास्टर्स एवं पीएचडी कार्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं शनिवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुईं। मास्टर्स प्रवेश परीक्षा के लिए पंतनगर और देहरादून में दो केंद्र बनाए गए थे, जबकि पीएचडी प्रवेश परीक्षा पंतनगर में आयोजित की गई। विश्वविद्यालय के अनुसार दोनों कार्यक्रमों में कुल 1603 अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए आवंटित किया गया था, जिनमें से 1303 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। कुल उपस्थिति 81.29 प्रतिशत दर्ज की गई। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा के निष्पक्ष एवं सुचारु संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की थीं।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड**

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या : UA40109UP2001SGC025867 /2358
विक्टोरिया क्रास विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड़, देहरादून
दूरभाष संख्या : 0135-2763672-75, फैक्स : 0135-2760289, वेबसाईट : www.uktenders.gov.in

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा विशिष्टीकरण संख्या सीसीपी-II/5/2026-2027**

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0, देहरादून निम्नलिखित सामग्री हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता हैः-

| क्र0 सं0 | सामग्री का नाम | मात्रा (नग) | अनुमानित लागत (₹करोड़) | विगत तीन वित्तीय वर्षो का औसत टर्न ओवर (₹करोड़) | धरोहर राशि (₹लाख) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (₹) | निविदा क्रय करने एवं निविदा प्रपत्र आनलाईन एवं आफलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | आनलाईन एवं आफलाईन निविदा भाग-एक खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | थ्री फेज फोर वायर (10-60ए) डीएलएमएस कॉम्प्लीयंट इलेक्ट्रोनिक मीटर बाक्स सहित। | 10,000 | 1.915 | 3.831 | 3.831 | 11 800 | 30.06.2026 को 17:00 बजे तक | 01.07.2026 को 15:45 बजे तक |

अन्य विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाईट www.uktenders.gov.in को देखें।

अधीक्षण अभियन्ता
कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय-द्वितीय)

No. 407/EE(CM)/UPCL/A-2 Dt.: 06-06-2026

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें।" (टोल फ्री न0: 1800 419 0405 पर दें)"
विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री न0: 1800 180 4185 पर दें)

# एनएच-58 पर खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, छह प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

### मानकों के उल्लंघन नोटिस व चालान जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जनपद में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशों के अनुपालन में शनिवार को नेशनल हाईवे-58 क्षेत्र में ज्वालापुर से बहादराबाद टोल प्लाजा तक विशेष जांच एवं निरीक्षण अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों की गहन जांच की गई और नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई भी की गई। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी महिमानंद जोशी ने बताया कि यह अभियान जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी के निर्देशन में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनता को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करना था।

निरीक्षण के दौरान कुल छह खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। टीम ने खाद्य पदार्थों के भंडारण, स्वच्छता व्यवस्था, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता तथा आवश्यक अभिलेखों का परीक्षण किया। जांच के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के उल्लंघन के मामले सामने आने पर दो खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गए। इन नमूनों की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की वैध ानिक कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान एक प्रतिष्ठान में गंदगी एवं अस्वच्छता पाए जाने पर विभाग ने नोटिस जारी किया और संचालक को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने प्रतिष्ठानों को साफ-सफाई बनाए रखने, खाद्य पदार्थों का सुरक्षित भंडारण करने तथा आवश्यक अभिलेखों को अद्यतन रखने की हिदायत दी। विभाग ने स्पष्ट किया कि खाद्य सुरक्षा संबंधी मानकों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान विभिन्न अनियमितताओं के आधार पर एक प्रतिष्ठान का चालान भी किया गया। इसके अतिरिक्त दो खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरुद्ध न्यायालय में वाद दायर करने की कार्रवाई की गई है। विभाग का कहना है कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वाले कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। सहायक आयुक्त महिमानंद जोशी ने कहा कि जनपद में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी ऐसे विशेष अभियान निरंतर चलाए जाएंगे, ताकि उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके। साथ ही खाद्य कारोबारियों से भी अपील की गई है कि वे निध ारित मानकों का पालन करें और स्वच्छता संबंधी नियमों को गंभीरता से अपनाएं, जिससे जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# अंतर्राष्ट्रीय साहित्य परिषद ने उत्तराखंड के कवि भुलक्कड़ को दिया मांतुश्री सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस 2026 के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय लेखन प्रतियोगिता में किए गए उत्कृष्ट लेखन के लिए अंतर्राष्ट्रीय साहित्य परिषद द्वारा गांव नसीरपुर कला हरिद्वार उत्तराखंड निवासी कवि एवं पत्रकार पंडित पुष्पराज धीमान भुलक्कड़ को मांतुश्री सम्मान 2026 से सम्मानित किया है परिषद के अध्यक्ष ए अग्रवाल ने बताया कि भुलक्कड़ ने न केवल मातृत्व आदर्श संवेदना मूल्यों को ही शब्दों में पिरोकर समाज को प्रेरित किया है बल्कि पेड़ों के महत्व को समझाते हुए मां के नाम पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया है भुलक्कड़ न केवल साहित्य के क्षेत्र में बल्कि पत्रकारिता और समाज सेवा के क्षेत्र में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं उन्हें मातोश्री सम्मान 20 26 दिए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है उन्होंने कहा वह है भुलक्कड़ की इस बात से भी खासे प्रभावित हुए कि जब उनकी माता का फोटो मांगा गया तो उन्होंने कहा उस जमाने में लोग चित्र के स्थान पर चरित्र को अधिक महत्व देते थे इसलिए उनका फोटो उपलब्ध नहीं है जन्म देने वाली माता के फोटो के स्थान पर भारत माता का फोटो जोड़ दिया जाए बताते चलें कि दो दिन पूर्व उन्हें द ग्राम टुडे प्रकाशक समूह द्वारा पर्यावरण दिवस के मौके पर पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन को लेकर लिखी गई कविता के लिए पर्यावरण प्रहरी सम्मान से सम्मानित किया है सम्मान मिलने पर उनके शुभचिंतको ने उन्हें बधाई दी है

# कांवड़ियों पर फायरिंग मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

### पिल्ला गैंग का एक और सदस्य पुलिस की गिरफ्त में

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल कोतवाली क्षेत्र के गुरुकुल कांगड़ी के पास कांवड़ियों पर फायरिंग और मारपीट के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में अब तक 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी हैं। जबकि पिल्ला गैंग से जुड़े कुल 22 आरोपी अब तक सलाखों के पीछे भेजे जा चुके हैं। कनखल कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि बीती 1 जून को गुरुकुल कांगड़ी क्षेत्र में कांवड़ियों के साथ हुई कहासुनी के बाद फायरिंग की गई थी, जिसमें एक कांवड़िया घायल हो गया था। इस मामले में थाना कनखल में केस दर्ज किया गया था।एसएसपी के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन प्रहारश्चलाया जा रहा है। क्षेत्र में लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस टीमें सादे कपड़ों में जगजीतपुर, पीठ पुलिया, फुटबॉल ग्राउंड और गुरुकुल कांगड़ी क्षेत्र में चेकिंग कर रही थीं। पुलिस ने इस मामले में आरोपी जतिन पुत्र पवन कुमार, निवासी जमालपुर कला, थाना कनखल, हरिद्वार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को मेडिकल के बाद न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में टीम में उपनिरीक्षक महिपाल सिंह सैनी, हेड कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार, कांस्टेबल दिगपाल भण्डारी, प्रलभ चौहान और उमेद सिंह शामिल रहे

## संक्षिप्त खबर

### धार्मिक टिप्पणी व मारपीट का आरोप, चार पर मुकदमा

**पथरी।** क्षेत्र के धनपुरा गांव निवासी एक युवक ने कुछ लोगों पर धार्मिक टिप्पणी, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धनपुरा निवासी सागर पुत्र मान सिंह उर्फ मनवा ने शिकायत में बताया कि 3 मई की रात वह पशुओं के लिए फलों के छिलके लेने धनपुरा बस अड्डा मार्केट गया था। आरोप है कि वहां शकील उर्फ काली ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। बाद में अन्य लोगों ने भी उसे और उसके परिजनों को रोककर मारपीट की, जिसमें कई लोग घायल हो गए। आरोपियों ने पुलिस में शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। फेरूपुर चौकी प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### घायल कर्मचारी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार।** भेल फैक्ट्री परिसर में तीन माह पूर्व हुए सड़क हादसे के मामले में पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए कर्मचारी की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई है। शिवालिक नगर निवासी अमरजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि 10 मार्च की शाम वह ड्यूटी के लिए अपनी बुलेट मोटरसाइकिल से भेल फैक्ट्री जा रहे थे। आरोप है कि ब्लॉक-1 और ब्लॉक-4 के बीच पहुंचने पर सामने से गलत दिशा में आ रही एक बाइक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। बाइक भेल कर्मचारी प्रबोध श्रीवास्तव निवासी सेक्टर-2, भेल चला रहा था। हादसे में अमरजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले भेल अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए स्वामी भूमानंद अस्पताल रेफर किया गया। उपचार के दौरान उनके सिर का ऑपरेशन किया गया और कई टांके लगाने पड़े। चेहरे की हड्डी में फ्रैक्चर होने पर प्लेट भी डाली गई। लंबे उपचार और आराम के बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। रानीपुर कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बेटे-बहू समेत तीन के खिलाफ मुकदमा

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र में एक बुजुर्ग ने अपने बेटे, बहू और उनके सहयोगी पर पैतृक मकान पर कब्जा करने की कोशिश तथा मारपीट करने का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। राम रहीम कॉलोनी, पांवधोई निवासी सलीम अहमद ने न्यायालय को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि पत्नी के निधन के बाद वह अपने दिव्यांग बच्चों के साथ पैतृक मकान में रह रहे हैं। उनका आरोप है कि उनका बेटा प्रवेज और बहू सरिवा अलग रहते हैं, लेकिन मकान पर कब्जा करना चाहते हैं। सलीम अहमद के अनुसार 29 अक्तूबर 2025 को उनकी गैरमौजूदगी में प्रवेज, सरिवा और उनके साथी साजिद घर में घुस आए। आरोप है कि उन्होंने दिव्यांग बच्चों को धमकाया और मकान के निचले हिस्से के कमरों पर कब्जा करने का प्रयास करते हुए दरवाजे उखाड़ दिए। विरोध करने पर उनके साथ अभद्रता और मारपीट की गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 17 दिसंबर को तीनों ने दोबारा घर पहुंचकर उन्हें बेदखल करने की नीयत से हमला किया। ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# उपभोक्ताओं की सहमति के बिना ना लगाए जाएं स्मार्ट मीटर : बालेश्वर सिंह

शाह टाइम्स संवाददाता




**हरिद्वार।** प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालेश्वर सिंह ने कहा कि स्मार्ट मीटर जनता पर थोपा नहीं जाना चाहिए। ऊर्जा निगम पुलिस की सहायता लेकर स्मार्ट मीटर लगाने की तैयारी कर रहा है। जिन उपभोक्ताओं के मीटर ठीक काम कर रहे हैं। उन्हें बदलने का कोई औचित्य नहीं है। विद्युत विभाग को उपभोक्ताओं की सहमति से ही स्मार्ट मीटर लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी उपभोक्ता की सहमति के बिना स्मार्ट मीटर लगाया गया तो कांग्रेस विरोध करेगी। स्मार्ट मीटर के बिलों को लेकर भी मतभेद बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के नाम पर व्यापारियों का रोजगार प्रभावित नहीं होना चाहिए, व्यापारियों की मांग को भी सुनना चाहिए। व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी रूप में सहन नहीं किया जाएगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज सैनी एवं सोम त्यागी ने कहा कि शहर भर में पुराने मीटर लगे हुए हैं और सही चल रहे हैं। इसके बावजूद स्मार्ट मीटर लगाने की जोर जबरदस्ती क्यों की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता के हितों में फैसले लेने चाहिए। मनोज सैनी ने ने कहा कि रसूखदार लोगों के अतिक्रमण पर भी प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए। लोगों का रोजगार उजाड़ने से पहले बसाने की बात होनी चाहिए। अतिक्रमण के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न ना किया जाए। वरना कांग्रेस जनता के संघर्ष से पीछे नहीं हटेगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय सैनी ने कहा कि वर्तमान मास्टर प्लान जनता के हितों को देखते हुए नहीं बनाया गया है। लोगों के रोजगार को देखकर योजनाएं लागू होनी चाहिए। मास्टर प्लान में बड़े निर्माण कार्यों पर रोक लगाई गई है जो कि विकास में प्रमुख बाधा है। आवास निर्माण, होटल, गेस्ट हाउस, बड़ी गतिविधियां मास्टर प्लान से प्रभावित होंगी। संजय सैनी ने कहा कि आवास विभाग द्वारा भू उपयोग शुल्क में 567 प्रतिशत की बढ़ोतरी का शासनादेश तुरंत निरस्त किया जाना चाहिए। जनता के हितों में फैसला नहीं लिए जा रहे हैं। कैलाश प्रधान एवं सतीश दुबे ने कहा कि महंगाई से जनता परेशान है। सरकार महंगाई को नियंत्रित नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि वीआईपी मूवमेंट से लोगों के कार्य प्रभावित नहीं होने चाहिए। जनता के काम ना रुके इसको लेकर अतिरिक्त अधिकारियों की नियुक्ति की जाए। प्रेस वार्ता के दौरान डा.मेहरबान, सुनील चौहान, अशोक धींगान, राजेंद्र, सुनील चौहान आदि मौजूद रहे।

# अहमदपुर डेरा में दो महीने से पानी के लिए तरस रहे लोग

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** क्षेत्र के अहमदपुर डेरा में पानी की समस्या और विकट होती जा रही है लोग पानी के लिए तरस रहे है इसे लेकर अब स्थानीय लोग जल संस्थान विभाग पहुंच रहे हैं। अहमदपुर डेरा में पानी की समस्या इतनी बढ़ चुकी है कि विभाग के अधिकारी भी आश्वासन देने से बच रहे हैं। लोगों ने कहा कि अब जल संस्थान विभाग के अधिकारी फोन तक उठाने से बच रहे हैं। गांव के निवासी सुखचौन ने कहा कि 2 महीने से पानी की समस्या है। पहले हमारे गांव में थोड़ा बहुत पानी आता था, लेकिन अब वह भी बंद हो गया है। हमारी इसी समस्या को अवगत कराने के बाद हमें यह बताया गया कि डेरे में जो पानी आता था वह मौके पर जल संस्थान विभाग के अधिकारियों को बता दिया गया है जिसका समाधान जल्दी ही कराया जाएगा। **जल संस्थान के जेई विशाल यादव** ने बताया कि इस समस्या के बारे में पता लगा है जल्दी ही समस्या का समाधान किया जाएगा हमारा प्रयास है कि सभी लोगों को पर्याप्त रूप में पानी मिल सके।

### फाइनेंस कंपनी की सील तोड़कर संपत्ति में घुसने का आरोप, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ऋण अदायगी में चूक के बाद फाइनेंस कंपनी के कब्जे में गई संपत्ति में दोबारा प्रवेश करने के आरोप में एक व्यक्ति और उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला दादूपुर-गोविंदपुर क्षेत्र का है। आर्य नगर चौक स्थित एक हाउसिंग फाइनेंस कंपनी के लीगल रिप्रेजेंटेटिव कार्तिक चौहान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि प्रेमनाथ चौधरी ने ऋण के बदले अपनी आवासीय संपत्ति कंपनी के पास बंधक रखी थी। लगातार किस्तें जमा न होने के कारण ऋण खाता अगस्त 2025 में एनपीए घोषित कर दिया गया। कंपनी के अनुसार सरफेसी अधिनियम के तहत कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय के आदेश पर 27 मई को प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में संपत्ति का कब्जा लेकर उसे सील कर दिया गया था। आरोप है कि उसी दिन प्रेमनाथ चौधरी और उनके परिजनों ने सील और ताला तोड़कर जबरन संपत्ति में प्रवेश कर लिया। कंपनी का दावा है कि घटना के वीडियो साक्ष्य उपलब्ध हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# कुंभ और शहर के विकास को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** राज्य आंदोलनकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता चौगेशचंद्र पांडे तथा स्वामी रामप्रकाश चैरिटेबल हॉस्पिटल के निदेशक डा. संजय शाह ने मुख्यमंत्री धामी को ज्ञापन प्रेषित कर कुंभ क्षेत्र और शहर के विकास से संबंधित कई जनहितकारी प्रस्तावों पर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में चौगेशचंद्र पांडे एवं डा. संजय शाह ने कहा कि हरिद्वार में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिसके चलते यातायात, पार्किंग, सुरक्षा और सौंदर्यीकरण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दिए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कुंभ क्षेत्र में निर्माणाधीन फ्लाईओवर मिट्टी आधारित न होकर आरसीसी संरचना में बनाए जाएं, ताकि उनके नीचे पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था विकसित की जा सके। ऋषिकुल पुल और शंकराचार्य चौक पर यातायात के भारी दबाव को देखते हुए फ्लाईओवर निर्माण किया जाए। इसके अलावा प्रेमनगर पुल से कृष्णा नगर पुलिया तक फ्लाईओवर अथवा उच्च स्तरीय सड़क मार्ग का निर्माण तथा रामदेव की पुलिया क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण या फ्लाईओवर का निर्माण किया जाए। जिससे शहर के भीतर यातायात का दबाव कम हो सके। ज्ञापन में चौगेशचंद्र पांडे एवं डा.संजय शाह ने घाटों के विकास को लेकर भी कई सुझाव दिए गए हैं। जिसमें नए घाटों पर सीढ़ियां नदी की तलहटी तक बनाने, ताकि जलस्तर कम होने की स्थिति में श्रद्धालुओं को सुरक्षा दीवार पार कर नीचे न उतरना पड़े और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। इसके साथ ही नव निर्मित और प्रस्तावित घाटों पर पर्याप्त हाई मास्ट लाइट एवं एलईडी प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

# विवाहिता ने लगाया उत्पीड़न व मारपीट का आरोप, पति समेत चार पर केस

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक विवाहिता ने अपने पति, सास, ससुर और देवर पर मारपीट, उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक महिला सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया कि बहादरपुर जट निवासी आशियाना पुत्री घसीटा ने तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह 4 मई 2025 को मुस्लिम रीति-रिवाज के साथ नसीरपुर खुर्द (चाणचक) निवासी जमशेद पुत्र नजाकत के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग उसे प्रताड़ित करते आ रहे हैं। 2 जून 2026 को पति जमशेद, सास महरुनी, ससुर नजाकत और देवर सारीस ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। मारपीट में उसे चोटें आई हैं, जिनके चिकित्सा प्रमाण पत्र भी पुलिस को उपलब्ध कराए गए हैं। पीड़िता ने यह भी बताया इससे पहले भी कई बार उसके साथ मारपीट की जा चुकी है और मामले को लेकर चार-पांच बार पंचायत भी बैठ चुकी है, लेकिन ससुराल पक्ष के व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति, सास, ससुर और देवर सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बच्चे के पैर पर कार चढ़ने से हंगामा, दो पक्षों में जमकर मारपीट

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली क्षेत्र के खड़खड़ी के पास शुक्रवार देर रात हरियाणा के दो पक्षों के बीच मामूली बात को लेकर जमकर विवाद और मारपीट हो गई। घटना के बाद मौके पर काफी देर तक हंगामा चलता रहा। जानकारी के अनुसार, हरियाणा से आए एक परिवार के बच्चे के पैर पर अचानक एक कार का पहिया चढ़ गया था। इसके बाद मामला अचानक बढ़ गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि हादसे से नाराज बच्चे के परिजनों ने कार चालक को गाड़ी से बाहर खींच लिया और उसकी पिटाई शुरू कर दी। हंगामा बढ़ता देख चालक किसी तरह अपनी जान बचाकर वहाँ से भाग निकला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची और दोनों पक्षों के लोगों को पकड़कर चौकी ले आई। नगर कोतवाल कुंदन सिंह राणा ने बताया कि इस मामले में दोनों पक्षों के छह लोगों के खिलाफ पुलिस ऐक्ट के तहत चालान की कार्रवाई की गई है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर लगाने का किया विरोध

## प्राईवेट कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर : बालियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जगजीतपुर के वार्ड 57 में पुलिस बल के साथ स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची ऊर्जा विभाग की टीम का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध किया और इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव वरूण बालियान ने आरोप लगाया कि स्थानीय लोगों के मीटर बदलने से इंकार करने पर बिजली विभाग के कर्मचारियों ने विद्युत कनेक्शन काट दिए। वरूण बालियान ने आरोप लगाया कि एक प्राइवेट कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार जबरन स्मार्ट मीटर लगवाकर लोगों को लूटने का काम कर रही है। लोगों को एकजुट होकर सरकार और बिजली विभाग के खिलाफ खड़ा होना होगा। वरूण बालियान ने कहा कि लोगों की सहमति के बिना ही ठीक काम कर रहे पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। जिसे सहन नहीं किया जाएगा। विरोध करने वालों में प्रदीप कुमार, कमल राजपूत, अनिल सैनी, आकाश वालिया, देवेश बर्मन, महेश बर्मन, विनोद नौटियाल, सुनील चौधरी, गीता, शांति देवी, रेखा आदि शामिल रहे।

### भारतीय किसान क्रान्ति यूनियन का तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अलखनंदा मैदान में भारतीय किसान क्रान्ति यूनियन का प्रथम राष्ट्रीय चिंतन शिविर शुक्रवार से भव्य रूप से शुरू हो गया। तीन दिवसीय यह शिविर 6 से 8 जून तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर से हजारों किसान, पदाधि कारी और कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं। शिविर में किसानों की कर्जमाफी, फसलों के उचित मूल्य की गारंटी, बढ़ती खेती लागत, सिंचाई व्यवस्था, आवारा पशुओं की समस्या, बिजली दरों में राहत, गन्ना भुगतान, भूमि अधिग्रहण तथा किसान सम्मान निधि सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर मंथन किया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि भारतीय किसान क्रान्ति यूनियन किसानों, मजदूरों और आमजन के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ती रहेगी तथा किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष, संवाद और आंदोलन जारी रखेगी।

### भगवान श्रीराम की कथा कल्याण व मोक्ष का मार्ग : राजराजेश्वराश्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री दक्षिण काली मंदिर में निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी के संयोजन में आयोजित श्रीराम कथा का शुभारंभ श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में हुआ। इस अवसर पर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम ने कहा कि भगवान श्रीराम जन-जन के आराध्य हैं और उनकी कथा का श्रवण कल्याण तथा मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन त्याग, मर्यादा, सत्य और ईश्वर भक्ति की अनुपम मिसाल है, जो मानव जीवन को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि कलियुग में राम नाम का स्मरण ही मुक्ति का सबसे सरल और प्रभावी साधन है। राम नाम के जाप से व्यक्ति के कष्ट दूर होते हैं।

# कुंभ मेला प्रशासन ने अभी तक नहीं ली अखाड़ों की सुध : जसविंदर

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** अगले वर्ष होने वाले कुंभ मेले की तैयारियों को लेकर कनखल स्थित श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल में संतों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अखाड़े के कोठारी महंत जसविंदर सिंह महाराज ने कहा कि कुंभ मेला शुरू होने में केवल 6 महीने का समय शेष बचा है। लेकिन सरकार और कुंभ मेला प्रशासन ने अभी तक अखाड़ों की कोई सुध नहीं ली है। कोठारी महंत जसविंदर सिंह ने कहा कि नासिक कुंभ मेले को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने अधिकारियों को तत्परता से सभी कार्य समय पर पूरे करने और अखाड़ों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कुंभ मेले के दौरान अखाड़ों को धर्मध्वजा की स्थापना, पेशवाई तथा बाहर से आने वाले संतों और श्रद्धालुओं के आवास आदि सहित अनेक व्यवस्थाएं करनी पड़ती हैं। जिसके लिए अखाड़ों और मेला प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता होती है। हरिद्वार कुंभ मेला प्रशासन द्वारा अखाड़ों की सुध नहीं लिए जाने से अखाड़ों के स्तर पर होने वाली तैयारियां प्रभावित होंगी। इसलिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को कुंभ मेला प्रशासन को अखाड़ों से समन्वय स्थापित करने के संबंध में निर्देश जारी करने चाहिए। जिससे सभी तैयारियां समय से पूरी हो सकें। बैठक में महंत खेमसिंह, महंत निर्भय सिंह, महंत अंग्रेज सिंह, संत बीर सिंह, महंत जसकरण सिंह, डा. स्वामी केशवानंद, महंत गुरप्रीत सिंह, महंत सुखमन सिंह, महंत जसकरण सिंह, संत विष्णु सिंह आदि संत मौजूद रहे।

### माटी कला बोर्ड के सदस्य बनाए गए श्यामल कुमार ने जताया आभार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामल कुमार को माटी कला बोर्ड का सदस्य मनोनीत किया गया है। माटी कला बोर्ड में सदस्य पद की जिम्मेदारी दिए जाने पर श्यामल कुमार ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ध ामी, कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, पार्टी नेतृत्व, समस्त संगठन तथा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा एक साधारण कार्यकर्ता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपना उनके लिए गौरव, सम्मान और प्रेरणा का विषय है। यह दायित्व केवल एक पद नहीं, बल्कि जनसेवा और संगठन के प्रति जवाबदेही को और अधिक बढ़ाने वाला अवसर है। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों, संगठन के मूल्यों तथा उत्तराखंड के जनहित को सर्वोपरि रखते हुए पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

# नाली पर अतिक्रमण से बदहाल हुई कॉलोनी, गंदे पानी के बीच रहने को मजबूर लोग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भूपतवाला स्थित जसबिंदर सिंह एन्क्लेव फेज-1 में सार्वजनिक नाली के अवरुद्ध होने से कॉलोनीवासियों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। नाली का गंदा पानी सड़कों पर जमा होने से पूरे क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध का माहौल बन गया है। हालात से परेशान लोगों ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग उठाई है।

शुक्रवार को सौंपे गए ज्ञापन में कॉलोनीवासियों ने आरोप लगाया कि कॉलोनी में दो स्थानों पर सार्वजनिक नाली का प्रवाह बाधित कर दिया गया है, जिससे गंदा और मलिन जल सड़कों पर फैल रहा है। जलभराव के कारण आमजन का आवागमन प्रभावित हो रहा है, वहीं घरों और आश्रमों तक पहुंचना भी कठिन हो गया है। लगातार जमा हो रहे गंदे पानी से क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और दुर्गंध के कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि लंबे समय से बनी इस समस्या के चलते कॉलोनी का वातावरण अस्वास्थ्यकर हो चुका है। बरसात के मौसम को देखते हुए डेंगू, मलेरिया समेत अन्य संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। कॉलोनीवासियों ने नगर निगम प्रशासन से जनहित में तत्काल हस्तक्षेप करते हुए नाली से अवरोध हटाने और जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाने की मांग की है।



# उत्तराखंड बार काउंसिल में अधिवक्ता बनी स्वाति, बढ़ाया क्षेत्र का मान

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** जनपद के गांव सराय की प्रतिभाशाली बेटी स्वाति ने उत्तराखंड बार काउंसिल में अधि वक्ता के रूप में पंजीकरण प्राप्त कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने खुशी जताते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

विधि शिक्षा पूरी करने के बाद स्वाति ने निरंतर मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर अधिवक्ता बनने का सपना साकार किया। स्वागत समारोह में एडवोकेट मुकेश कुमार रवि, एडवोकेट मदन पाल, एडवोकेट अरविंद कुमार और एडवोकेट अभिलाषा ने उन्हें अधिवक्ता का बैंड पहनाकर सम्मानित किया। मुकेश कुमार ने बताया कि स्वाति समाज के लोगों को कानूनी सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करने का कार्य करेंगी। क्षेत्रवासियों ने विश्वास जताया कि वे विधि क्षेत्र में नई पहचान स्थापित कर न्याय और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। इस अवसर पर परिवारजनों, रिश्तेदारों, मित्रों तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने स्वाति को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि वे विधि क्षेत्र में नई पहचान स्थापित करते हुए न्याय और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देंगी तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगी।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मेडिकल कार्ड सं. **R 5992/1585991** में मेरा नाम नसीम जहां व जन्मतिथि 15.10.1952 गलत दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम नासरा बी अंसारी व मेरी सही जन्मतिथि 23.12.1972 है। नासरा बी अंसारी पत्नी इफ्तखार अली, निवासी ए-23, शास्त्रीनगर, ज्वालापुर इंटर कॉलेज, ज्वालापुर, हरिद्वार।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# आजीविका व स्वरोजगार से जुडी गतिविधियों का मुख्य सचिव ने किया स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन आनन्द बर्द्धन द्वारा जनपद टिहरी गढ़वाल के विकासखंड चम्बा अंतर्गत विभिन्न आजीविका एवं स्वरोजगार संवर्धन से जुड़ी गतिविधियों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। यह भ्रमण केवल परियोजनाओं की समीक्षा तक सीमित न रहकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उभरते आत्मनिर्भरता के मॉडल को समझने और उसे और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास के रूप में देखा गया।



मुख्य सचिव द्वारा निर्देश दिए गए कि रीप एवं अन्य आजीविका संवर्धन योजनाओं के अंतर्गत संचा. लित सभी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाते हुए महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार को प्राथमिकता दी जाए, मिनी फिश प्रोसेसिंग यूनिट सहित सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं में गुणवत्ता मानकों का पालन करें एवं स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं बाजार विस्तार को सुदृढ़ कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। ग्राम दिखोलगांव में रीप (ग्रामोत्थान) परियोजना एवं आईएफएडी (प्थ्।क) के सहयोग से संचालित "हिमालयन भोजनालय" फूड कार्ट के निरीक्षण के दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद स्थापित किया गया। महिलाओं द्वारा स्थानीय व्यंजनों के निर्माण, विपणन व्यवस्था एवं दैनिक आय से जुड़े अनुभव साझा किए गए। मुख्य सचिव ने इस पहल को ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की सशक्त मिसाल बताते हुए स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग और बाजार पहुंच को और अधिक व्यापक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके पश्चात नागणी में निर्माणाधीन मिनी फिश प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण किया गया। आरआईडीएफ नाबार्ड पोषित इस परियोजना के माध्यम से मत्स्य उत्पादन को मूल्य संवर्धन से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। उप निदेशक मत्स्य प्रमोद कुमार शुक्ला ने परियोजना की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि संपर्क मार्ग एवं पुस्तों के निर्माण का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। मुख्य सचिव ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखते हुए समयबद्ध रूप से परियोजना पूर्ण करने के निर्देश दिए। भिन्नू ग्राम में मूर्ति राम पोल्ट्री फार्म के निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि पशुपालन एवं पोल्ट्री आधारित गतिविधियाँ स्वरोजगार का प्रभावी आधार बन रही हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ डी के शर्मा ने अवगत कराया कि लाभार्थी द्वारा संचालित यह इकाई ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक व्यावहारिक उदाहरण प्रस्तुत करती है। इसी क्रम में दुवाधार लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह द्वारा स्थानीय जैविक उत्पादों जैसे मांडुआ, चौलाई एवं दालों का विपणन किया जा रहा है। यह पहल न केवल स्थानीय कृषि उत्पादों को बाजार उपलब्ध करा रही है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुख्य सचिव ने उत्पादों की गुणवत्ता, ब्रांडिंग एवं बाजार विस्तार को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। समग्र रूप से यह निरीक्षण जनपद में आजीविका आधारित गतिविधियों की उस उभरती संरचना को दर्शाता है, जहां सरकारी योजनाएं, स्वयं सहायता समूह और स्थानीय संसाधन मिलकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे, सीडीओ वरुणा अग्रवाल, तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# चकराता विधायक ने कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का बढ़ाया हौंसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिया।** चकराता विधानसभा के अंतर्गत खत अठगांव चंदोऊ स्थित कांडोई धार में आयोजित 4 से 6 जून तक तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन चकराता विधायक प्रीतम सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। पर्वतीय प्रगति मंडल, कांडोई धार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।

प्रतियोगिता के पहले दिन आयोजित महिला कबड्डी में क्षेत्र की कुल 18 टीमों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में दिलऊ और अष्टी गाँव की टीमें आमने-सामने रहीं। कड़े संघर्ष के बाद दिलऊ की टीम ने अष्टी को 22-18 के अंतर से मात देकर खिताबी जीत हासिल की। विजेता टीम को समिति की ओर से 21 हजार रुपये की नकद धनराशि और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। 5 व 6 जून को आयोजित पुरुष कबड्डी (गाँव वाइज) प्रतियोगिता में 48 टीमों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जबकि ओपन कबड्डी प्रतियोगिता में 15 टीमों ने प्रतिभाग किया। कबड्डी प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि चकराता विधायक प्रीतम सिंह ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर ऐसे आयोजन युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने खिलाड़ियों का आह्वान किया कि वे कड़ी मेहनत और लगन से अपनी प्रतिभा को निखारें ताकि राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें। इस दौरान विधायक ने राजनीतिक कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ लोग केवल मंचों से बड़ी-बड़ी बातें करते हैं और क्षेत्र को 'मिनी स्विट्जरलैंड' बनाने जैसे झूठे दावे करते हैं, लेकिन धरातल पर उनका कोई काम नहीं दिखता। साथ ही काण्डोई धार, खत-अठगांव में स्व. सदर स्याणा कुंवर सिंह तोमर मेमोरियल टूर्नामेंट के खेल मैदान में चकराता विधायक प्रीतम सिंह ने विधायक निधि से निर्मित ष्क्रीड़ा मंचष् एवं 'टीन शैड' निर्माण का उद्घाटन किया। इस दौरान पछुवादून जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय किशोर, जिला पंचायत देहराद. ून के उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह चौहान, उमा दत्त जोशी, सुनील शर्मा, समिति अध्यक्ष दीवान सिंह तोमर, प्रभु सिंह तोमर, राजेंद्र सिंह तोमर और दर्शन सिंह नेगी सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



कुछ लोग क्षेत्र को 'मिनी स्विट्जरलैंड' बनाने जैसे झूठे दावे करते हैं, लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं दिखता: प्रीतम

# युवक पर नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** क्षेत्र चकराता के एक गांव में युवक पर नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए युवती के भाई ने राजस्व पुलिस में तहरीर देते हुए आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। राजस्व पुलिस ने पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर केस रेगुलर पुलिस को सौंपने के लिए जिलाधिकारी को संस्तुति की है।

■ राजस्व पुलिस से आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही करने की मांग

नायब तहसीलदार चकराता राजेन्द्र लाल ने बताया कि पीड़िता के भाई ने तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बहन को गांव का ही युवक पप्पू पुत्र प्रेम दास विगत 2 जून को भगा कर ले गया और इस दौरान युवती के साथ कई बार दुष्कर्म भी किया। बताया युवती अभी पढ़ाई करती है जो नाबालिग है। परिजनों द्वारा युवती को ढूंढ लेने पर दुष्कर्म की बात सामने आई जिसपर युवती के भाई ने तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। नायब तहसीलदार चकराता ने बताया कि आरोपी युवक के विरुद्ध पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। युवती का मेडिकल कराया जा रहा है व केस रेगुलर पुलिस में ट्रांसफर के लिए जिलाधिकारी को संस्तुति की गई है।

# चावल कुमकुम के संग मिलकर बनती है माथे की शोभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** श्री दिगंबर जैन समाज विकासनगर के तत्वाधान में पूज्या आर्यिका 105 श्री पूर्णमति माताजी ससंघ के पावन सानिध्य में त्रिशला देवी जैन अतिथि भवन में धर्म आराधना पूर्ण भक्तिभाव के संग चल रही है। प्रातः 7/30 बजे श्री दिगंबर जैन मंदिर में पूज्या माताजी ससंघ के सानिध्य में शांतिधारा हुई। श्री जिनेंद्र भगवान को भव्य पाण्डुकशिला पर विराजमान कर श्रद्धालुजनों ने अभिषेक और शांतिधारा की।



■ हमारी जिंदगी में ताली मित्र, थाली मित्र, प्याली मित्र सुख के क्षणों के होते हैं मित्र: पूर्णमति माताजी

8:30 बजे आयोजन स्थल पर आचार्य श्री का महापूजन भक्तिभाव से किया गया। पश्चात, पूज्या माता. जी ने अपने मंगल प्रवचनों से उपस्थिती को तृप्त किया। पूज्या माताजी ने बताया कि हमारे जीवन में ताली मित्र, थाली मित्र, प्याली मित्र और खाली मित्र जैसे सुख के क्षणों के मित्र होते हैं। ऐसे मित्रों की हमारे जीवन के कल्याण में कोई भूमिका नहीं होती है। जिनवाणी मित्र ही हमारे सच्चे मित्र हैं जो धर्मसम्मत कार्यों और सहयोग के द्वारा हमारे जीवन को उचित और नेक कार्यों की ओर ले जाते हैं। यदि हम अपने भाव सुधारेंगे तो भव स्वयं सुधर जाएंगे। चावल, कुमकुम के संग मिलकर माथे की शोभा बनता है लेकिन यदि दाल के संग मिल जाए तो खिचड़ी बन जाता है।

इंदौर से आए संगीतकार संदीप जैन ने मंच पर आचार्यभक्ति व भजनों का समां बांध दिया। समाज के बच्चों ने मंगलाचरण, माताजी पर आधारित नाटिका ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर अध्यक्ष विपिन कुमार जैन, महामंत्री राज कुमार जैन, संयोजक राजीव जैन, नवनीत जैन, आशीष जैन, अरविंद जैन, संजीव जैन, सुदीप जैन, सार्थक जैन, अनिल चन्द्र जैन, संजय जैन, विकास जैन, रीना जैन, दीपाली जैन, दीपिका जैन, वंदना जैन, तरंग जैन, निधि मौजूद रहे।

## एक नजर .......

### जौनसारी भाषा एवं साहित्य के विकास को मिलेगा नया आयाम

**चकराता।** चकराता विकासखंड के च्यामा गांव निवासी डॉ. लीला चौहान को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी की अध्ययन समिति में जौनसारी भाषा एवं साहित्य विषय की बाह्य विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया गया है। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। उत्तराखंड मुक्त विश्व. विद्यालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार मानविकी विद्याशाखा के अंतर्गत हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग द्वारा संचालित जौनसारी भाषा एवं साहित्य अध्ययन प्रमाण-पत्र कार्यक्रम के निर्माण एवं विकास के लिए गठित अध्ययन समिति में डॉ. लीला चौहान को उनके व्यापक अनुभव, शोध कार्यों एवं विषय विशेषज्ञता के आधार पर शामिल किया गया है। समिति में बतौर विषय विशेषज्ञ डॉ. चौहान अध्ययन कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने, पाठ्यक्रम विकास करने तथा विभिन्न शैक्षणिक एवं अकादमिक विषयों पर अपने सुझाव एवं विशेषज्ञ परामर्श प्रदान करेंगी। उनकी सहभागिता से जौनसारी भाषा एवं साहित्य के अध्ययन-अध्यापन को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। डॉ. लीला चौहान का यह चयन उनकी शैक्षणिक एवं शोध उपलब्धियों का सम्मान तो है ही, साथ ही जौनसारी भाषा, संस्कृति और साहित्य के संरक्षण, संवर्धन तथा अकादमिक विकास की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। क्षेत्र के बुद्धिजीवियों, शिक्षाविदों एवं सामाजिक संगठनों ने उनकी नियुक्ति का स्वागत करते हुए इसे जौनसार-बावर के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है।



### ऋषिकेश के गंगा घाटों पर एक्सिस बैंक ने चलाया स्वच्छता अभियान

**देहरादून /ऋषिकेश।** भारत के प्रमुख निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर परमार्थ निकेतन आश्रम के सहयोग से ऋषिकेश के पवित्र गंगा घाटों पर श्ओपन फॉर द प्लैनेट क्लीन-ए-थॉनश स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान में बैंक के कर्मचारियों, परमार्थ निकेतन आश्रम के श्रद्धालुओं, पर्यटकों और स्थानीय समुदाय के लोगों सहित 100 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया। अभियान के दौरान घाटों से लगभग 500 किलोग्राम कचरा एकत्र किया गया।

स्वयंसेवकों ने लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। अभियान में शामिल सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए, एक्सिस बैंक के ग्रुप हेड- ब्रांच बैंकिंग, नॉर्थ एवं टीएएससी बिजनेस, रेनॉल्ड डीश्सूजा ने कहा, ष्एक्सिस बैंक में स्थिरता सिर्फ एक पहल तक ही सीमित नहीं है, बल्कि हमारे काम करने के तरीके का महत्वपूर्ण हिस्सा भी है। ओपन फॉर द प्लैनेट जैसे प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से हम ऐसे प्रयासों को जमीन पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिनमें अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी हो और जिनका प्रभाव व्यापक स्तर पर दिखाई दे। यह देखकर खुशी होती है कि एक साझा उद्देश्य के लिए लोग एक साथ आगे आ रहे हैं। हमारा मानना है कि पर्यावरण संरक्षण में सार्थक और लंबे समय तक असर डालने के लिए ऐसे सामूहिक प्रयास बेहद जरूरी हैं।

### नागरिक मंच की बैठक आज

**नई टिहरी।** नागरिक मंच की रविवार को नई टिहरी के सामुदायिक मिलन केंद्र में बैठक आयोजित की जाएगी।

बैठक में विभिन्न बिंदुओ पर चर्चा होगी।मंच के अध्यक्ष सुंदरलाल उनियाल ने बताया कि रविवार को दस बजे से बैठक आयोजित होगी। बैठक में शहर की लंबित समस्याओं जैसे पेयजल, बौराडी बस अडडे की मरम्मत आदि समस्याओं पर चर्चा होगी और समस्याओं के निराकरण को लेकर प्रशासन से भेंट की जाएगी। इस अवसर पर मच के चुनाव को लेकर भी चर्चा की जाएगी। अध्यक्ष ने मंच के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने को कहा जिससे सभी मुद्दों पर चर्चा के साथ ही आगे की रणनीति पर भी चर्चा की जा सके।

# प्राकृतिक आपदा से मयुंडा क्षेत्र के किसानों को भारी नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विकासखंड चकराता की ग्राम पंचायत मयुंडा के अंतर्गत चाईला छानी, नाईगार्ड, गढ़ाड़ी, मइजुका एवं मिगाड़ गांवों में आई प्राकृतिक आपदा से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। आपदा के कारण किसानों की कृषि क्यारियां, नगदी फसलें और खेती योग्य भूमि बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। वहीं कई पशुओं की भी जान चली गई, जिससे प्रभावित परिवारों के सामने आजी. विका का संकट खड़ा हो गया है।



■ भाजपा नेता बचना शर्मा ने लिया जायजा

आपदा की सूचना मिलते ही भाजपा के पूर्व मंडल उपाध्यक्ष बचना शर्मा ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रभावित किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं और नुकसान की जानकारी प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री तक पहुंचाई जाएगी तथा उन्हें उचित मुआवजा दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। बचना शर्मा ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में वर्तमान एसडीएम कालसी तथा क्षेत्रीय पटवारी सुरेश जीनाटा से भी वार्ता की है और किसानों को हुए नुकसान का शीघ्र सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

प्राकृतिक आपदा से जिन किसानों को प्रमुख रूप से नुकसान पहुंचा है वे उनमें रणवीर सिंह, बलवीर सिंह, टिकम सिंह, बारू सिंह, राजेंद्र सिंह, जयवीर सिंह, गंगो देवी, रत्ना देवी, पूरण सिंह, दीवान सिंह, श्याम सिंह, केसर सिंह, हुकम सिंह, वीडो देवी, महेंद्र सिंह, रोबिन सिंह, नवीन सिंह, राकेश सिंह, किशन सिंह, पूरण सिंह, अजय पाल, नारायण सिंह, संजय लाल सहित अनेक किसान शामिल हैं। इस अवसर पर पूर्व मंडल उपाध्यक्ष बचना शर्मा के साथ ओमप्रकाश, घनश्याम सहित अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र राहत एवं मुआवजा प्रदान करने की मांग की है, ताकि प्रभावित परिवारों को आर्थिक संबल मिल सके।

# मझोग के जंगल में चार बकरों को गुलदार ने बनाया निवाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**त्यूणी।** क्षेत्र त्यूणी में चकराता वन प्रभाग के अंतर्गत देवधार रेंज की मझोग बीट में गुलदार के आंतक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। गुलदार ने दो पशुपालकों के चार बकरों को अपना शिकार बना लिया। घटना के बाद पीड़ित पशुपालकों ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है।

बताया गया है रायगी निवासी कृपाल सिंह और छुमरा निवासी अनिल अपनी बकरियां को चराने के लिए मझोग बीट के जंगल क्षेत्र में ले गए थे। शाम को जब चार बकरे घर वापस नहीं पहुंचे तो पशुपालकों ने उनकी तलाश शुरू की। करीब साढे़ सात बजे दलटूनाड जंगल क्षेत्र की झाड़ियों में चारों बकरे मृत मिले।

घटना की सूचना स्थानीय जनप्रतिनिधियों और वन विभाग को दी गई। सूचना पर वन बीट अधिकारी बलवीर चौहान मौके पर पहुंचे और निरीक्षण के बाद बताया कि चारों बकरों को गुलदार ने मारा है। उन्होंने कहा कि मामले की रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि एक मादा गुलदार अपने शावको के साथ पिछले कई दिनों से क्षेत्र में घूम रही है।

# डीएम ने दिए सड़क दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिला मजिस्ट्रेट नितिका खण्डेलवाल ने थाना देवप्रयाग क्षेत्रान्तर्गत 2 जून को सैनिक होटल के समीप हुई सड़क दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए।

2 जून को सुबह एक कार अनियंत्रित होकर गंगा नदी में गिरने से दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी। दुर्घटना की पुनरावृत्ति रोकने, कारणों का विश्लेषण करने तथा आवश्यक सुझाव प्राप्त करने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी कीर्तिनगर मंजू राजपूत को जांच अधिकारी नामित कर एक माह के भीतर दुर्घटना की विस्तृत मजिस्ट्रियल जांच आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जांच में दुर्घटना की तिथि, समय एवं स्थान, वाहन के पंजीकरण एवं परमिट संबंधी अभिलेख, मृतक एवं घायलों का विवरण, वाहन का तकनीकी परीक्षण, चालक के ड्राइविंग लाइसेंस की स्थिति तथा दुर्घटना के संभावित कारणों का परीक्षण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सड़क की स्थिति, मौसम, वाहन की तकनीकी दशा, चालक की भूमिका एवं अन्य परिस्थितियों का भी परीक्षण किया जाएगा। भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आवश्यक सुझाव भी जांच रिपोर्ट में सम्मिलित किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जांच उत्तराखण्ड शासन के प्रासंगिक शासनादेशों एवं नियमावली के अनुरूप निष्पक्ष एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण की जाए।

# सात पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की

**नई टिहरी।** जिला आबकारी अधिकारी टिहरी के निर्देश पर आबकारी निरीक्षक, नरेंद्र नगर द्वारा नगर पालिका परिषद नरेंद्र नगर चुनाव में अवैध मदिरा तस्करी, परिवहन के विरुद्ध प्रभावी परिवर्तन कार्य के दृष्टिगत नरेंद्रनगर रानीपोखरी बायपास रोड, ग्राम डागर से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर रोड चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को सात पेटी अंग्रेजी शराब, मैकडॉवल व्हिस्की बरामद की गई। शराब में प्रयुक्त सेंट्रो कार से अनिल निवासी कांडा नरेंद्र नगर को शराब के साथ गिरप्तार कर मुकदमा पंजीकृत किया गया और आवश्यक कार्रवाई अमल में लायी गयी। नरेंद्र नगर क्षेत्र में स्थानीय निकाय को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपादित किए जाए।

# मैती मिलन कार्यक्रम में बडी संख्या में पहुंची ध्याणिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** नई टिहरी में आयोजित मैती मिलन मेले में दूर-दराज क्षेत्र से ध्याणियां कार्यक्रम में पहुंची और एक दूसरे से मुलाकात की। इस अवसर पर सामूहिक कलेउ हडसा व रोटाना बनाकर ध्याणियों को वितरित किया गया।

■ सामूहिक कलेउ हडसा व रोटाना बनाकर किया वितरित

नई टिहरी के बौराडी में आयोजित मैती मिलन कार्यक्रम में बडी संख्या में ध्याणियां पहुंची। इस मेले के बाहाने लंबे समय से दूर रहने वाली ध्याणियां एक दूसरे से मिली। इस अवसर पर महिलाओं ने सामूहिक पहाडी कलेउ तैयार किया और ध्याणियों के अलावा यहां पहुंचे लोगों को कलेउ वितरित किया। इस अवसर पर लोक गीत व पहाडी परिधानों का शो भी आयोजित किया गया। साथ ही विवेक मेमोरियल सुरगंगा संगीत विद्यालय नई टिहरी की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। रविवार को कार्यक्रम के अंतिम दिन यहां पर सामूहिक पहाडी भोज का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अनुसूया प्रसाद नौटियाल ने बताया कि पहाड की लोक संस्कृति एवं परंपरा को कायम करने के उद्देश्य से नई टिहरी में पांचवीं बार मैती मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें काफी संख्या में ध्याणियां पहुंची। उन्होंने कहा कि पहाड की संस्कृति को जीवंत रखने के उद्देश्य से इस मेले का आयोजन किया गया है। नगरवासियों ने भी इस तरह के पहल की प्रशंसा की और कार्यक्रम में बढ-चढकर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर भाजपा नेता जीतराम भट्ट, सोहन सिंह राणा, लक्ष्मी देवी, सीता देवी, मनोरमा देवी, शांति देवी, सतीश प्रसाद भट्ट, करम सिंह तोपवाल आदि मौजूद रहे।

# कीर्तिनगर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** चौरास क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर किलकिलेश्वर महादेव मंदिर से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को शनिवार को चौरास युवा समाज कल्याण समिति के प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार डॉ. प्रदीप कंडारी को ज्ञापन सौंपा।



■ किलकिलेश्वर मंदिर क्षेत्र की समस्याओं के समाधान की मांग

समिति ने मंदिर परिसर में मूलभूत सुविधाओं के विकास और संरक्षण के लिए शीघ्र कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में श्रद्धालुओं के लिए नियमित एवं सुचारु पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने, मंदिर के समीप स्थित प्राचीन जलस्रोत के संरक्षण एवं पुनर्जीवन तथा मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण की मांग प्रमुख रूप से उठाई। इसके अलावा मंदिर तक पहुंचने वाले मार्ग के सुधार और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दिशासूचक बोर्ड लगाए जाने की आवश्यकता भी बताई। समिति प्रवक्ता अमन काला ने कहा कि किलकिलेश्वर महादेव मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र होने के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत का भी महत्वपूर्ण प्रतीक है। यहां प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं, लेकिन मूलभूत सुविधाओं के अभाव में उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

समिति अध्यक्ष सुमित सिंह रावत ने कहा कि मंदिर क्षेत्र के विकास और संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। तहस. ीलदार प्रदीप कंडारी ने समिति की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

# नीट-यूजीसी पेपर लीक मामले पर छात्रों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** देशभर में सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर युवाओं के बीच चर्चित बनी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के आह्वान पर नीट एवं यूजीसी समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक मामलों को लेकर शनिवार को गढ़वाल विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गोला पार्क में प्रदर्शन कर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया।



■ सीजेपी के आह्वान पर छात्रों ने फूंका केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला

प्रदर्शनकारियों ने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा युवाओं के भविष्य से जुड़े मामलों में जवाबदेही तय करने की मांग उठाई। इस दौरान छात्र नेताओं ने कहा कि देशभर में प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमित. ताओं और पेपर लीक की घटनाओं ने छात्रों के बीच असुरक्षा और निराशा का माहौल पैदा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार सामने आ रहे ऐसे मामलों से मेहनत करने वाले विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

गढ़वाल विश्वविद्यालय छात्रसंघ के उपाध्यक्ष शिवांक नौटियाल, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुधांशु थपलियाल तथा अंकित उछोली ने कहा कि परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने की आवश्यकता है। उनका कहना था कि युवाओं को निष्पक्ष अवसर उपलब्ध कराना सरकार और संबंधित संस्थाओं की जिम्मेदारी है। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली की समीक्षा कराने तथा मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने पर जोर दिया। प्रदर्शन में समरवीर, प्रियंका खत्री, हिमांशी, तुषार, प्रियांशु सहित अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि प्रेम शर्मा पुत्र स्व0 श्री प्यारू मेरे कुछ अभिलेखो में मेरा नाम मासन्तू लाल पुत्र प्यारू दर्ज है जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम प्रेम शर्मा है भविष्य में मुझे प्रेम शर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाय।

प्रेम शर्मा पुत्र स्व0श्री प्यारू निवासी ग्राम नौना पट्टी बचणस्यू पो0 गहड़खाल तहसील एवं जिला रूद्रप्रयाग।

**हाल निवासी- नौका मोथरोंवाला देहरादून।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि जगदीश शर्मा पुत्र स्व0 श्री प्यारू मेरे गॉव के कुछ अभिलेखो में मेरा नाम झोडू पुत्र प्यारू दर्ज है जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम जगदीश प्रसाद शर्मा है भविष्य में मुझे जगदीश प्रसाद शर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाय। जगदीश प्रसाद शर्मा पुत्र स्व0श्री प्यारू निवासी ग्राम नौना पट्टी बचणस्यू पो0 गहड़खाल तहसील एवं जिला रूद्रप्रयाग।

**हाल निवासी- नई बस्ती दौड़वाला मोथरोंवाला देहरादून।**

